हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर, लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–90 : जौनपुर, शुक्रवार 02 दिसम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## नव वर्ष में नए अंदाज में बसेगा लखनऊ : पंचकुला स्टाइल में तैयार की जाएगी मोहान रोड टाउनशिप

लखनऊ ब्यूरो : नए साल में लखनऊ नए अंदाज में बनेगा। 768 एकड़ की मोहान रोड टाउनशिप को पंचकुला स्टाइल में बसाया जाएगा। इसमें 40 और 60 मीटर की चौड़ी सड़कें होंगी। चौराहे खास तरीके से डिजाइन होंगे, जिससे बिना रुके ही लोग सिलिप रोड से जा सकेंगे। किसी भी घर का फ्रंट मुख्य सड़क की ओर नहीं खुलेगा, जिससे उसका व्यावसायिक इस्तेमाल न हो सके। टाउनशिप के हर सेक्टर में आम जरूरत के सामान की उपलब्धता के लिए व्यावसायिक केंद्र होंगे। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि टाउनशिप में दो लाख की आबादी के लिए 800 भूखंडों के अलावा अपार्टमेंट व ग्रुप हाउसेस भी होंगे। यहां 90, 112, 200, 300 एवं 400 वर्गमीटर के प्लॉटों का रेट चार हजार रुपये वर्गफीट होगा। एलआईजी के भूखंड अलग से बनेंगे। दस सेक्टर में आईएएस–आईपीएस, राजनेता, बैंक अधिकारी–कर्मी, इंजीनियर, डॉक्टर, कारोबारी, उद्यमी, पत्रकार, अधिवक्ता आदि के आवास होंगे। टाउनशिप के चौराहे से 30 मीटर पहले ही बाएं ओर जाने वालों के लिए कट होगा। इससे वे चौराहे पर रुके बिना ही गंतव्य को जा सकेंगे। एसएस मोरलेज कंपनी को टाउनशिप का कंसलटेंट चुना गया। इसने पहले (ओमेक्स के योजना को विकसित करने के दौरान) ही इसका ले–आउट तैयार किया था। एलडीए ने एसएस मोरलेज को ही दोबारा कंसलटेंट नियुक्त करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसे बोर्ड बैठक में मंजूरी मिल गई। कंपनी इस टाउनशिप पर होमवर्क कर चुकी है, जिसके लिए एलडीए 18 लाख रुपये का भुगतान भी कर चुका है। टाउनशिप 24 जनवरी को यूपी दिवस पर लॉन्च करने की तैयारी है। 100 एकड़ में बसेगी एजूकेशन सिटी मोहान रोड टाउनशिप के अंदर 100 एकड़ में एजूकेशन सिटी को बसाया जाएगा। इसमें प्राइमरी, इंटरमीडिएट, डिग्री कॉलेज, इंजीनियरिंग संस्थाएं, कोचिंग सेंटर आदि होंगे। योजना में फायर सेंटर, पुलिस थाना, बैंक, उपकेंद्र, पोस्ट ऑफिस के लिए भूखंड आरक्षित होंगे। आउटर रिंग रोड के एक किमी



दायरे की जमीनों का होगा अधिग्रहण अयोध्या, कानपुर, सुल्तानपुर, रायबरेली व सीतापुर हाईवे को जोड़ने वाली 105 किमी लंबी आउटर रिंग रोड के दोनों ओर आधा किमी तक के दायरे की खाली जमीनों का अधिग्रहण करने की बोर्ड बैठक में मंजूरी मिल गई। एलडीए की टीम सर्वे करके खाली जमीन खोजेगी। इन जमीनों पर शहर बसाने के साथ बाजार भी बनाए जाएंगे। बोर्ड ने एलडीए एवं आवास विकास के संयुक्त रूप से लखनऊ–सुल्तानपुर टाउनशिप के लिए जमीन अधिग्रहण के प्रस्ताव को भी स्वीकृत कर दिया है। एलडीए व आवास विकास साझे में अधिग्रहण कर बाद में जमीन का बंटवारा करके टाउनशिप विकसित करेंगे। सीजी सिटी में 350 करोड़ से बनेगा कन्वेंशन सेंटर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपना साकार करने के लिए सीजी सिटी में 12.5 एकड़ में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप पर विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर बनाया जाएगा। 5000 लोगों की क्षमता वाले इस कन्वेंशन सेंटर पर 350 करोड़ खर्च होंगे। एलडीए के इस प्रस्ताव को भी बोर्ड बैठक में मंजूरी मिल गई। शासन से प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद कन्वेंशन सेंटर विकसित करने की प्रक्रिया बढ़ेगी। इसमें पांच सितारा होटल के साथ सुख–सुविधा के सभी इंतजाम होंगे। निजी सहभागिता से होगा जेपीएनआईसी का संचालन एलडीए ने 600 करोड़ से बने जेपीएनआईसी को जिस हालत में उसी में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (निजी सहभागिता) से चलाने का प्रस्ताव पास किया। इसे शासन को भेजा जाएगा। जेपीएनआईसी की सोसाइटी को भंग करके संचालन का अधिकार एलडीए को देने की मंजूरी दी गई। प्रस्ताव है कि निजी सहभागिता करने वाली कंपनी अपना पैसा खर्च करके इसे चलाए।

## उत्तर रेलवे के डिप्टी चीफ इंजीनियर रिश्वत लेते गिरफ्तार : सीबीआई ने की कार्यवाही

लखनऊ ब्यूरो : सीबीआई ने लखनऊ में उत्तर रेलवे के डिप्टी चीफ इंजीनियर अरुण कुमार मित्तल को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई लखनऊ की एंटी करप्शन ब्रांच इकाई ने यह कार्रवाई एक निजी कंपनी के ठेकेदार से बिल पास कराने के नाम पर 50 हजार की रिश्वत लेने के आरोप में की है। निजी कंपनी के सुनील कुमार श्रीवास्तव ने सीबीआई से अरुण कुमार मित्तल द्वारा रिश्वत मांगे जाने की शिकायत की थी। जिसके बाद सीबीआई ने मुकदमा दर्ज कर ट्रैप जाल बिछाया और अरुण कुमार मित्तल को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

## उत्तर रेलवे ने एक दिन में सर्वाधिक 30.92 करोड़ रुपये मूल्य की स्क्रैप बिक्री कर बनाया रिकॉर्ड

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने बताया कि उत्तर रेलवे ने दिनांक 30 नवंबर, 2022 को एक दिन में अब तक की सर्वाधिक स्क्रैप बिक्री मूल्य 30.92 करोड़ रुपये कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वित्तीय वर्ष 2022–23 में 365.37 करोड़ रुपये मूल्य की स्क्रैप बिक्री कर उत्तर रेलवे ने आनुपातिक लक्ष्य 283 करोड़ से 29.11: अधिक आय अर्जित कर समस्त क्षेत्रिय रेलों / उपक्रमों पर प्रथम स्थान हसिल किया है। उत्तर रेलवे, अन्य क्षेत्रीय रेलों और उत्पादन इकाइयों की तुलना में काफी आगे है। स्क्रैप निपटान एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। स्क्रैप से राजस्व अर्जित करने के अलावा इससे परिसर को साफ सुथरा बनाए रखने में भी मदद मिलने के अलावा रेलवे लाइनों के पास से रेल के टुकड़े, स्लीपर, टाई बार आदि जैसे स्क्रैप को हटाने के पश्चात संभावित जोखिम कम होकर संरक्षा भी बेहतर होती है। उत्तर रेलवे ने समय अवधि पूर्ण कर चुकी संरचनाओं जैसे कि स्टाफ क्वार्टर, केबिन, शेड, पानी की टंकी आदि को मिशन मोड में हटाने का कार्य किया। इससे न केवल राजस्व उत्पन्न करने में मदद मिली बल्कि इसके परिणामस्वरूप बेहतर उपयोग के लिए मूल्यवान स्थान भी उपलब्ध हो



गया और अवांछित तत्वो द्वारा इसके संभावित दुरुपयोग से बचा जा सका। स्क्रैप का त्वरित निपटान, हमेशा प्राथमिकता रही है तथा इसकी उच्चतर स्तर पर निगरानी की जाती है। स्क्रैप पीएससी स्लीपर जो कि उत्तर रेलवे में बड़ी मात्रा में जमा हो गए थे के निपटान से राजस्व मिलने के अलावा इससे अन्य गतिविधियों के लिए भी रेलवे को बहुमूल्य स्थान उपलब्ध हो गया। उत्तर रेलवे जीरो स्क्रैप स्थिति हासिल करने के लिए 'मिशन मोड' में कार्यरत है तथा इस वित्तीय वर्ष में अब तक का सर्वाधिक स्क्रैप बिक्री रिकॉर्ड स्थापित करने की ओर अग्रसर है।

## अभाविप का 68वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शुक्रवार को कैसरबाग स्थित कार्यालय पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रांत मंत्री आकाश पटेल ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 68 वा राष्ट्रीय अधिवेशन जयपुर राजस्थान में संपन्न हुआ। अधिवेशन का उद्घाटन 25 नवंबर को योग गुरु बाबा रामदेव ने किया। अधिवेशन में 5 पारित हुए प्रस्तावों पर भी विस्तृत चर्चा की। राष्ट्रीय अधिवेशन में हिस्सा लेने के लिए देश के सभी प्रांतों से कुल 1485 प्रतिभागी शामिल हुए साथ ही नेपाल से भी 22 कार्यकर्ता अधिवेशन में सामिल हुए। राजस्थान के भी करीब एक हजार से ज्यादा प्रतिभागियों ने इस राष्ट्रीय अधिवेशन में हिस्सा लिया। अधिवेशन में एबीवीपी ने शिक्षा और समाज संबंधी 5 प्रस्ताव पारित किए। इन पर साल भर तक कार्यकर्ताओं द्वारा काम किया जाएगा। एबीवीपी अगला अधिवेशन दिल्ली में करेगी। पांच प्रस्ताव किए गए पारित जिनमे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकारें करें विशेष नीति का आवंटन। भारतीय ज्ञान परम्परा युक्त और भारतीय भाषा में हो शिक्षा। प्रवेश, परीक्षा और परिणाम में अनियमितताएं शीघ्र दूर हों। आंतरिक सुरक्षा के लिए कट्टरपंथी संगठन पीएफआई का प्रतिकार आवश्यक। वैश्विक पटल पर भारत की भूमिका महत्वपूर्ण। राष्ट्रीय अधिवेशन शोभायात्रा एवं खुला अधिवेशन का भी आयोजन किया गया। प्रांत मंत्री आकाश पटेल ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि भारत को ळ20 में 1 वर्ष की अध्यक्ष मिली है इसके नियमित विद्यार्थी परिषद ळ20 को लेकर पैनल डिस्कशन, यूथ सम्मिट, टॉक्स आदि कार्यक्रम आयोजित कर रही है। 6 दिसंबर को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि पर




विद्यार्थी परिषद विचार यात्रा, पत्रक वितरण जैसे विभिन्न कार्यक्रम अधिक से अधिक स्थानों पर करेगी। सेवार्थ विद्यार्थी के अंतर्गत कपड़े वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा दिसंबर माह में ही छात्राओं के आत्मरक्षा हेतु मिशन साहसी अभियान चलाया जाएगा। उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु विद्यार्थी परिषद उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम का भी आयोजन करने जा रही है इसमें इंटर्नशिप, उद्यमिता सेल का आयोजन किया जाएगा। 12 जनवरी से 23 जनवरी तक युवा पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा जिनमें विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा इसमें छात्र–छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। 23 जनवरी से 30 जनवरी तक सभी जिलों में छात्र–छात्रा सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। प्रांत अध्यक्ष प्रो. नीतू सिंह में जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन में निर्वाचन अधिकारी डॉ. एस. सुब्बैया ने राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय महामंत्री के निर्वाचन संबंधी जानकारियां प्रतिनिधियों से साझा कीं। एबीवीपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही और राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने जयपुर में शुरू हुए तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के पहले दिन अपना दायित्व ग्रहण किया। संगठनात्मक घोषणा की जिसमें घनश्याम शाही को पुनः पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय संगठन मंत्री, अंशुल श्रीवास्तव को पुनः अवध प्रांत का प्रांत संगठन मंत्री, राहुल गौर को पुनः विकासार्थ विद्यार्थी का राष्ट्रीय संयोजक, अपर्णा मिश्रा व मयंक दुबे को राष्ट्रीय मीडिया सह संयोजक, अंकित शुक्ला को राज्य विश्विद्यालय संयोजक, अभिनव दीप को राष्ट्रीय कला मंच का राष्ट्रीय सह संयोजक, आशुतोष सिंह को खेल गतिविधि का राष्ट्रीय सह संयोजक, ईश्दीप कौर, अभिषेक सिंह, ऋषभ गुप्ता, मुस्कान उपाध्याय, प्रज्वल मिश्रा को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरण शाही ने की। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से प्रांत अध्यक्ष डॉ नीतू सिंह, प्रांत मंत्री आकाश पटेल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ईशदीप कौर, प्रांत मीडिया सह संयोजक शिवम सिंह सम्राट उपस्थित रहे।

## यातायात सुरक्षा जागरूकता अभियान तथा बच्चों ने ली जीवन में कभी नशा न करने की शपथ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ।ब्लॉक सरोजनी नगर में पूर्व माध्यमिक विद्यालय नटकुर, सरोजिनी नगर में प्रधानाध्यापिका रश्मि खरे के निर्देशन और सौजन्य से सैकड़ो बच्चों ने नशा मुक्ति अभियान और यातायात सुरक्षा अभियान की शपथ ली, बच्चों ने जागरूकता गीत प्रस्तुत किए। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को जागरूक करने के लिए तथा उन्हें यातायात नियमों की जानकारी बिजनौर थाना प्रभारी मनोज सिंह भदोरिया, प्रधान प्रतिनिधि पवन सिंह ने प्रदान की। मनोज सिंह भदोरिया ने बच्चों को बताया कि यातायात के नियमों तथा चिन्हों कि यदि सही जानकारी रखकर सड़क पर चला जाए तो सड़क पर होने वाली बहुत से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। सड़क पर पैदल चलने दो पहिए से चलने तथा चार पहिए के वाहनों से चलने के लिए लेन का निर्धारण किया गया है जिसकी जानकारी रखकर अपनी लाइन पर चलने का प्रयास करना चाहिए। बच्चों को अपने दाएं बाएं देखकर, धीरे से जेबरा क्रॉसिंग पर चलकर सड़क पार करनी चाहिए, भागकर सड़क पार करने से बचना चाहिए। हमेशा दो पहिया वाहन से चलते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करना चाहिए। शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रीना त्रिपाठी ने बताया कि सड़क पर होने वाली 85: दुर्घटनाओं का कारण नशा होता है। यदि हम नशे को ना कह दे तो हमारी सड़के जो पान और गुटके की पीक से लाल हो चुकी है, साफ–सुथरी तथा दुर्घटनाओं से मुक्त पाई जाएंगी।अक्सर त्योहारों में लोग शराब पीकर गाड़ी चलाते हैं जिसके कारण हर त्यौहार में दुर्घटनाओं की एक लंबी सूची तैयार हो जाती है। यदि बच्चे यह शपथ लें कि वह जीवन में नशा कभी नहीं करेंगे तो कुछ वर्षों के बाद नशे के खरीदार ना होने के कारण सड़कों में नशा करके चलने वालों की संख्या स्वतः ही कम हो जाएगी और दुर्घटनाओं से बचा जा सकेगा। एक तरफ जहां नशा शारीरिक अंगों को खराब करता है वही मानसिक सुध बुध को बिगड़ने का भी काम करता



है । ज्यादातर पुलिस के पास नशे के कारण होने वाले विवाद लड़ाई झगड़े कत्ल के केश ही आते है। रीना त्रिपाठी ने बताया की लखनऊ सहित प्रदेश के अन्य जिलों में बेसिक विद्यालयों में नशा मुक्त आंदोलन आभियान कौशल का के तहत बच्चों को जीवन में कभी नशा न करने की शपथ दिलाई जा रही है इस अभियान से सभी को जोड़कर हिंदुस्तान नशा मुक्त बनाने का प्रयास करना चाहिए। बच्चों ने बहुत ही रुचि से अपना आकर्षण पुलिस की वर्दी के प्रति बताया तथा यह स्वीकार किया कि वह भी पढ़ लिखकर पुलिस में शामिल होना चाहते हैं बेटियां भी अपना योगदान पुलिस सेवा में देने के लिए उत्साहित दिखी। विद्यालय स्टाफ के द्वारा इस अभियान से जुड़कर ,बच्चों को यह शिक्षा दी गई कि यदि वह नशे से दूर रहेंगे, मन लगाकर पढ़ाई करेंगे तथा यातायात नियमों का पालन करेंगे तो उनके आंतरिक व बाहरी ,दोनों तरह से सुरक्षा हो सकेगी, निश्चित रूप से देश के गरिमा पूर्ण नागरिक बनने में अपना योगदान दे पाएंगे। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार से रश्मि खरे प्रधानाध्यापिका , कंचन लता सहायक अध्यापिका, अखिलेश कुमारी सहायक अध्यापिका, अशोक कुमार यादव सहायक अध्यापक , हेमलता प्रजापति चतुर्थ श्रेणी, रसोईया रानी शिक्षक प्रतिनिधि रीना त्रिपाठी, दैनिक जागरण टीम से आशीष सिंह, मनोज सिंह भदोरिया और उनकी टीम प्रधान प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह , तथा बच्चों के अभिभावकों ने प्रतिभाग किया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## नए साल में शुरू होगी 35 हजार से अधिक सिपाहियों की भर्ती प्रक्रिया

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में सिपाहियों के खाली पड़े 35 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। इसकी प्रक्रिया नये साल में शुरू होगी। इन पदों पर सीधी भर्ती के लिए डीजीपी मुख्यालय ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को प्रस्ताव भेजा है। भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष राज कुमार




विश्वकर्मा ने बताया कि डीजीपी मुख्यालय ने 35757 पदों पर भर्ती के लिए भर्ती प्रस्ताव मिला है। इसके लिए कार्यदायी संस्था के चयन की कार्रवाई भर्ती बोर्ड कर रहा है। कार्यदायी संस्था के चयन के बाद अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे जाएंगे। सूत्रों का कहना है कि इस प्रक्रिया को पूरा होने में एक से डेढ़ महीने का समय लग सकता है। दिसंबर के अंत तक आएगा लिपिक संवर्ग में 1329 पदों का परिणाम विश्वकर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस एवं सतर्कता विभाग में लिपिक संवर्ग के 1329 पदों पर चल रही भर्ती की प्रक्रिया भी जल्द पूरी कर ली जाएगी। इसके लिए लिखित परीक्षा, टंकण परीक्षा और आशुलिपि परीक्षा कराई जा चुकी है। इसका परिणाम तैयार कराया जा रहा है। दिसंबर के अंत तक इसका चयन परिणाम आ जाएगा। वहीं खेल कोटे से सिपाही के 534 पदों पर सीधी भर्ती भी अगले दो से तीन महीने में पूरी कराए जाने की तैयारी है। इसके लिए 1 अक्तूबर से 5 नवंबर तक आवेदन लिए गए थे। इसमें 7000 से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनके आवेदनों का परीक्षण किया जा रहा है। दिसंबर के अंत तक परीक्षण का काम पूरा होगा और जनवरी के अंत तक अंतिम चयन परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

## मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मशहूर गीतकार एवं लेखक शब्बीर अहमद एवं विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत तिवारी रहे एवं आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉक्टर अंकिता राज रही। मंचासीन सभी अतिथियों का बुक एवं पुष्प देकर प्राचार्य डॉ0 अब्दुल कादिर खान ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम की शुरुआत शब्बीर अहमद के अनेकों गानों से की गई। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि समाज हमेशा संघर्ष का ही साथी होता है संघर्ष जीवन में कभी असफल नहीं करती आज अपने संघर्ष के बदौलत हमने जो उपलब्धियां पाई हैं उस उन सभी का श्रेय हम ईश्वर एवं अपने माता–पिता एवं मशहूर कलाकार अभिनेता सलमान खान को देते हैं। शब्बीर जी ने अपने जीवन के संघर्षो को सबके बीच साझा किया। जिलाधिकारी ने जनपद के गौरव शब्बीर जी को सम्मानित करते हुए कहा कि संघर्षों से घबराना नहीं चाहिए। सभी बच्चे शब्बीर जी के संघर्षों से प्रेरणा ले और लक्ष्य निर्धारण कर दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु लगन से कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे बड़े सपने देखें और सपने को सच करने के लिए जुट जाएं। उन्होंने बताया कि जीवन में संघर्ष एवं कठिन परिश्रम इंसान को एक नई ऊंचाई तक ले जाता है अपनी अनेकों बातों को साझा करके बच्चों को प्रोत्साहित भी किया और अपने संघर्षों के अनुभव को बताया। विशिष्ट अतिथि हेमंत तिवारी ने कहा कि संघर्ष इंसान को हमेशा नई ऊंचाई एवं मंजिल तक पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि शब्बीर के संघर्षों से प्रेरणा लेते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। विशिष्ट अतिथि डॉ0 अंकिता राज ने कहा मुश्किलों से हम अपनी समस्याओं को आसान बनाते हैं और बार–बार प्रयास करने से एक दिन अपने लक्ष्य तक पहुंच जाते हैं। भाषण में प्राचार्य डॉ0 अब्दुल कादिर खान ने कहा हर इंसान अपने कठिन परिश्रम से अपने लक्ष्य को ही प्राप्त कर पाता है आज मंच पर बैठे सभी सम्मानित अतिथियों ने कठिन परिश्रम से अपना या मुकाम हासिल किया है। इस अवसर पर ओमप्रकाश सिंह, शशि मोहन, मधुकर तिवारी, डॉ कमरुद्दीन शेख, डॉ जीवन यादव, डॉ शाहिद अलीम, महाविद्यालय के मध्य विद्यालय परिवार के समस्त प्रवक्तागण एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

सर्व का सहयोग लेने के लिए पहले स्वयं सहयोगी बनना पड़ता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# घाटी में भरोसे की दरकार

नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम जारी है, इसका कारण है कि पाकिस्तान भारतीय सेना की बढ़ती क्षमताओं से वाकिफ है। भारत इस बात पर अडिग है कि जब तक पाकिस्तान 26/11 के हमलावरों पर कार्रवाई नहीं करता, तब तक वह उससे बात नहीं करेगा।

हाल ही में उत्तरी सैन्य कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि, 'लगभग 300 आतंकवादी जम्मू–कश्मीर के आसपास मौजूद हैं, लेकिन हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि वे कोई कार्रवाई करने में सक्षम न हों।' उन्होंने आगे कहा कि 'हमारे आंकड़ों के अनुसार, 82 पाकिस्तानी आतंकवादी और 53 स्थानीय आतंकवादी भीतरी इलाकों में सक्रिय हैं, जबकि चिंता का विषय 170 अन्य की आपराधिक गतिविधियां हैं, जिनकी पहचान नहीं हो पाई है।' द्विवेदी ने कहा कि लगभग 170 हाइब्रिड आतंकवादी थे। उन्होंने खुफिया जानकारी भी साझा की कि संभवतः 160 आतंकवादी आतंकी शिविरों में, 130 आतंकी उत्तरी पीर पंजाल (कश्मीर घाटी) में और 30 उसके दक्षिण में मौजूद हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान इस क्षेत्र में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। पाकिस्तान ने उनके बयान का जवाब देते हुए अपनी संलिप्तता से इनकार किया।

उसके डीजी, आईएसपीआर (जनसंपर्क विभाग) ने कहा कि तथाकथित लॉन्च–पैड और आतंकियों के बारे में झूठे बयान और निराधार आरोप भारतीय सेना द्वारा मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान हटाने का एक प्रयास है। साफ है कि पाकिस्तान जनरल द्विवेदी के बयान से बौखलाया हुआ है और वह जानता है कि भारत उसके लॉन्च–पैड्स पर कड़ी नजर रख रहा है। एक अन्य प्रेस कॉन्फ्रेंस में जम्मू और कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि जहां तक आतंकवाद की स्थिति का सवाल है, सक्रिय स्थानीय आतंकवादियों की संख्या घटकर दहाई अंकों तक रह गई है। उन्होंने कहा कि इस समय उत्तर कश्मीर पूरी तरह शांत है और अब आतंकवाद का प्रभाव कम है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि नशीले पदार्थों का संकट एक बड़े खतरे के रूप में उभरा है, क्योंकि नशीले पदार्थों से पैदा धन आतंकवादी गतिविधियों को वित्तपोषित कर रहा है। हाल के दिनों में भारतीय सुरक्षा एजेंसियां नियमित अंतराल पर पाकिस्तानी ड्रोन को मारकर गिरा रही हैं। ज्यादातर ड्रोन आईईडी, पिस्तौल और ड्रग लाते हैं।

यह क्षेत्र हाइब्रिड आतंकवादियों के बढ़ते खतरे का सामना कर रहा है। सकारात्मक खुफिया सूचनाओं ने स्थानीय पुलिस को हाइब्रिड आतंकवादियों पर नकेल कसने में सक्षम बनाया है। इसके विपरीत, कश्मीरी राजनेता दावा करते रहे हैं कि हाइब्रिड आतंकवादियों के नाम पर निर्दोष लोगों को मारा जा रहा है। फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती लगातार कहते रहे हैं कि कश्मीर मुद्दे का स्थायी समाधान खोजने के लिए सरकार को पाकिस्तान से बात करनी चाहिए। फारूक ने तो यहां तक कहा कि भारत को उनसे बात करने के लिए जी–20 की अपनी अध्यक्षता का फायदा उठाना चाहिए। जब पुलवामा हमला हुआ था, उस समय पाकिस्तान के नवनियुक्त सैन्य प्रमुख जनरल असीम मुनीर आईएसआई के महानिदेशक थे। वह भारतीय प्रतिशोध के गवाह हैं। पाकिस्तान अच्छी तरह जानता है कि अगर उसने बड़े हमले की कोशिश की, तो भारत सैन्य तरीके से जवाबी कार्रवाई करेगा।

नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम जारी है, इसका कारण है कि पाकिस्तान भारतीय सेना की बढ़ती क्षमताओं से वाकिफ है। भारत इस बात पर अडिग है कि जब तक पाकिस्तान 26/11 के हमलावरों पर कार्रवाई नहीं करता, तब तक वह उससे बात नहीं करेगा। यह आत्मविश्वास कश्मीर की स्थिरता से उपजा है। अंतिम मतदाता सूची के साथ जम्मू–कश्मीर चुनाव के लिए कमर कसता प्रतीत होता है। पाकिस्तान को लगातार चीन से संरक्षण मिल रहा है। हालांकि घाटी में आतंकी गुटों की धमकियां जारी हैं, जिससे भय एवं आतंक पैदा हो रहा है। हाल ही में एक स्थानीय आतंकी गुट टीआरएफ (द रेजिस्टेंस फ्रंट) से 20 से अधिक पत्रकारों को जान से मारने की धमकी मिली, जिसके चलते कई छिप गए, कुछ ने इस्तीफा दे दिया और घाटी छोड़कर चले गए। इससे पता चलता है कि स्थानीय लोगों को हाइब्रिड आतंकियों का खात्मा करने वाले सुरक्षा बलों पर भरोसा नहीं है। पुलिस ने कहा कि ये धमकियां स्थानीय जानकारी के साथ पाकिस्तान से जारी की गई थीं। हालांकि समग्रता में स्थिति सामान्य प्रतीत होती है और पर्यटन बढ़ रहा है, लेकिन गैर–स्थानीय श्रमिकों और कश्मीरी पंडितों की बेतरतीब हत्या भय का माहौल पैदा करती है।

ऐसी संभावना नहीं है कि सुरक्षा बलों के तमाम प्रयासों के बावजूद हाइब्रिड खतरा निकट भविष्य में कम हो जाएगा। इसका राजनीतिक दोहन होता रहेगा। हर हत्या के बाद घाटी में कार्यरत कश्मीरी पंडित जम्मू स्थानांतरण की मांग दोहराते हैं। जिन जगहों पर उन्हें निशाना बनाया गया, वहां से वे पलायन भी कर रहे हैं। सरकार कश्मीर में स्थिति सामान्य दिखाने की जी–तोड़ कोशिश कर रही है, लेकिन क्षेत्रीय राजनीतिक दल, आतंकी गुट एवं पाकिस्तान इसे झुठलाने की कोशिश कर रहे हैं। वास्तविकता इन दोनों स्थितियों के बीच में है। लंबे समय से बंद, सुनियोजित हिंसा या विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ है। भाजपा के, जो कभी कश्मीर में अपनी पहचान नहीं बना पाई, अब घाटी में काफी अनुयायी हैं। बाजार बंद और स्वघोषित कर्फ्यू अब इतिहास की बात हो गया है। हुर्रियत का दबदबा खत्म हो गया है। आतंकियों को अब आदर्श नहीं माना जाता। आतंकवाद को हवा देने वाले हवाला फंड की आमद रोक दी गई है। सरकार को कश्मीर में जी–20 की बैठक करने का भरोसा है।

कश्मीरी पंडितों के साथ स्थानीय लोगों में भी डर दिखाई देता है। विकास तो दिखाई देता है, लेकिन शासन और सुरक्षा बलों पर लोगों का विश्वास कम है। ऐसा लगता है कि आम कश्मीरी दोनों पक्षों के दबाव का सामना करते हुए आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच फंस गया है। बदनामी के डर से लोग बात करने को तैयार नहीं हैं। नशा युवाओं को बर्बाद कर रहा है, जिससे कई युवा इस लत को पूरा करने के लिए बंदूक उठा रहे हैं। मौन रहना और अपने काम से काम रखना अस्तित्व का आदर्श बन गया है। लोगों का भरोसा लौटाने के लिए बयानबाजी से ज्यादा करने की जरूरत है। इसके लिए सरकार में विश्वास, खतरों से सुरक्षा और समझदार नौकरशाही की जरूरत है। जब तक स्थानीय अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों की पहुंच नहीं होगी, यह भय गायब नहीं होगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## गोयल इंस्टिट्यूट के कर्मचारी उमेश मिश्रा को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर : इलाज के दौरान मौत

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। तिवारीगंज थाना बी. बी. डी क्षेत्र अंतर्गत निवासी उमेश मिश्रा जो गोयल इंस्टिट्यूट में कार्यरत थे। गोयल इंस्टीट्घ्यूट के सामने कटिंग से रोड क्रास कर रहे थे तभी लखनऊ की तरफ से अयोध्या तरफ जा रही तेज रफतार कार जिसका नं. UP 45 W 2856 ने टक्कर मार दी, युवक को घायलावस्था में लोहिया हास्पिटल में गोयल इंस्टीट्यूट के सुरक्षा गार्ड द्वारा एडघमिट कराया गया जहां इलाज के दौरान उमेश मिश्रा उम्र 38 वर्ष की मृत्यु हो गयी है। पिता



रमेश चन्द्र मिश्रा निवासी उत्तरधौना तिवारीगंज चिनहट थाना बी०बी०डी० लखनऊ ने उक्त जानकारी दी।

## पिहानी में लगा सांसद स्वास्थ्य मेला : राज्यसभा सांसद ने फीता काटकर किया शुभारंभ

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिहानी में सांसद स्वास्थ्य मेले का आयोजन हुआ। मेले का शुभारंभ राज्यसभा सांसद डॉ अशोक बाजपेई ने फीता काटकर के किया। डॉ अशोक बाजपेई के साथ में ब्लाक प्रमुख पिहानी कुशी वाजपेई मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेश तिवारी, डॉ जितेंद्र श्रीवास्तव, डॉ सत्यानंद, डॉ वैभव जयसवाल, डॉक्टर मनोज आजाद, विकास खंड अधिकारी, पारुल दीक्षित धीरज गुप्ता ,प्रदीप अवस्थी आदि की मौजूदगी में आंख में दिक्कत वाले छात्रों को चश्मे वितरित किए गए। आंगनवाड़ी आशा बहुएं भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नवनीत बाजपेई रुचि ने कुशलतापूर्वक किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगे स्वास्थ्य मेले में लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।कई विभाग के स्टॉल भी लगाए गए और सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ अशोक बाजपेई ने कहा कि स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी जा रही है।उन्होंने कहा कि बहुत सी ऐसी योजनाएं हैं जो ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के पास नही पहुंच पाती हैं इसलिए मेले का आयोजन करके लोगों को स्वास्थ्य से सम्बंधित निशुल्क चेकअप व दवाइयां दी जा रहीं हैं। कुशी बाजपेई कहा कि स्वास्थ्य मेला लगने से क्षेत्र के लोगों इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के विषय में उपस्थित लोगों को अवगत कराया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने





स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी लोग गांव–गांव जाकर स्वास्थ्य कैंप लगाकर लोगों को स्वास्थ्य से सम्बंधित सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दें। डॉ जितेंद्र अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिहानी ने मेले में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। ग्रामीण क्षेत्र से लोग स्वास्थ्य चेकअप कराने के लिए पहुंचे। इस बीच 200 मरीजों का चेकअप करके उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गईं।

## गोरखपुर महायोजना 2031: ट्रांसपोर्टनगर को आवासीय घोषित करने की मांग : 55 आपत्तिकर्ताओं ने रखा अपना पक्ष

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की नई महायोजना 2031 के प्रारूप को लेकर गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में चल रही सुनवाई के पांचवें दिन बृहस्पतिवार को 55 आपत्तिकर्ताओं ने अपना पक्ष रखा। सुबह 11 बजे से शुरू होकर दोपहर दो बजे के बाद तक चली सुनवाई में जीडीए ने 100 आपत्तिकर्ताओं को बुलाया था। इनमें से 45 नहीं आए। ट्रांसपोर्टनगर से आए गिरीश चंद्र सिंह ने सुनवाई कर रही कमेटी के सामने अपना विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि महायोजना 2031 के प्रारूप में ट्रांसपोर्टनगर को ट्रक अड्डा दर्ज किया गया है जबकि वहां काफी संख्या में आवास एवं अन्य प्रतिष्ठान बन गए हैं। ऐसे में इसे आवासीय कर दिया जाए। मिर्जापुर के प्रमोद कुमार ने खुटहन का भू–उपयोग पार्क से आवासीय करने की अपील की। इसी तरह बशारतपुर पूर्वी से पहुंची वीना कुमारी एवं संजीव गुप्ता ने कहा कि उनकी कॉलोनी की कुछ जमीन विनियमितिकरण की है जबकि मौके पर कई आवास बन चुके हैं। उनके आवास के आसपास के मकानों का मानचित्र भी स्वीकृत हैं। प्राधिकरण इसे नियमित कर दे। रामगढ़ चवरी की अनीता और स्वाति देवी ने कहा कि



उनकी कॉलोनी में सैकड़ों की संख्या में मकान हैं, बावजूद इसके नई महायोजना में इस क्षेत्र को बफर जोन घोषित कर दिया गया है जो गलत है। गायघाट खुर्द से आए दिलीप कुमार ने महायोजना में प्रस्तावित 24 मीटर के रोड के प्रस्ताव को हटाने की मांग की। इसी तरह मंझरिया, पोरखभिंडा, जंगल मातादीन समेत अन्य स्थानों से आपत्तिकर्ताओं ने विनियमितिकरण, बफर जोन और खुला क्षेत्र आदि को लेकर आपत्ति दर्ज कराई।

## तमंचा सटाकर व्यापारी से 35 हजार लूटे : जांच में जुटी पुलिस

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के गुलरिहा इलाके के महराजगंज के टोला सेवई के पास बुधवार की रात बदमाश व्यापारी को तमंचा सटाकर 35 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। आरोप है कि घटना का विरोध करने पर बदमाशों ने मारपीट भी की। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, पीपीगंज थाना लक्ष्मीपुर गांव के टोला परसौना निवासी संजय गुप्ता जनरल स्टोर चलाते हैं। बुधवार को वह गोरखपुर बाजार करने आए थे। रात आठ बजे के करीब बाइक से घर लौट रहे थे। आरोप है कि गुलरिहा थाना क्षेत्र के महराजगंज टोला सेवईं के पास चार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और कनपटी पर तमंचा सटाकर पास में रखे 35 हजार रुपये लूट लिए। विरोध करने पर मारपीट भी की, जिससे दांत में चोट भी आई



है। मामले में संजय ने चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है, इस वजह से पुलिस लूट की घटना को संदिग्ध मान रही है। पुलिस का मानना है कि मारपीट की घटना ही हुई है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पांडेय ने बताया कि जांच व साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## आठ निगमों समेत 48 जिलों में निकायों का वार्ड आरक्षण तय : सात दिनों में मांगी गई आपत्तियां

लखनऊ ब्यूरो : नगर निकायों के चुनाव में आरक्षण को लेकर इंतजार खत्म हो गया है। प्रदेश सरकार ने निकाय चुनाव प्रक्रिया की शुरूआत करते हुए बृहस्पतिवार को वार्डों का अनंतिम आरक्षण निर्धारित करते हुए अधिसूचना जारी कर दी है। नगर विकास विभाग की ओर से फिलहाल 48 जिलों के निकायों के संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। इस अधिसूचना में लखनऊ समेत कुल आठ नगर निगम शामिल हैं। इसके अलावा 40 जिलों के नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत शामिल हैं। अधिसूचना पर 7 दिनों में आपत्ति व सुझाव मांगे गए हैं। इनके निस्तारण के बाद अंतिम सूची जारी की जाएगी। शेष जिलों की अधिसूचना भी शुक्रवार को जारी की जाएगी। फिलहाल सिर्फ वार्डों के आरक्षण की ही अधिसूचना जारी की गई है। नगर निगमों में महापौर और नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में चेयरमैन की सीटों का आरक्षण बाद में जारी किया जाएगा। बता दें कि उप्र. नगर पालिका अधिनियम और नगर निगम अधिनियम–1959 में दी गई व्यवस्था के आधार पर वार्डों का आरक्षण किया गया है। अनंतिम अधिसूचना में अभी सिर्फ वार्डों का ही आरक्षण चक्रानुक्रम व्यवस्था के आधार पर तय किया गया है। इसलिए तमाम वार्डों का आरक्षण बदल गया है। इन निगमों के वार्ड आरक्षित लखनऊ, अयोध्या, गाजियाबाद, वाराणसी, बरेली, शाहजहांपुर, अलीगढ़ और फिरोजाबाद इन 40 जिलों के नगर निकायों में भी आरक्षण तय बाराबंकी, अमेठी, रायबरेली, सुल्तानपुर, बलरामपुर, बस्ती, बहराइच, लखीमपुर, श्रावस्ती, संत कबीरनगर, चंदौली, अमरोहा, उन्नाव, एटा, औरैया, कानपुर देहात, कासगंज, कुशीनगर, कौशांबी, गाजीपुर, गोंडा, गौतमबुद्धनगर, चित्रकूट, जालौन, जौनपुर, देवरिया, पीलीभीत, प्रतापगढ़, बांदा, बागपत, बदायूं, सोनभद्र, हमीरपुर, हाथरस, हापुड़, भदोही, महराजगंज, महोबा, संभल व सिद्धार्थनगर। इस तरह आरक्षण की व्यवस्था नगर निगम अधिनियम में दी गई व्यवस्था के मुताबिक सबसे पहले अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षण होता है। इसके बाद क्रमशः एससी पुरुष, ओबीसी महिला, ओबीसी पुरुष, महिला और अंत में सीट को अनारक्षित रखा जाता है। नगर निगम लखनऊ आरक्षण सूची अनारक्षित–लाल




बहादुर शास्त्री प्रथम, मालवीय नगर, ऐशबाग, राम मोहन राय, खरिका प्रथम, लालकुआं, हजरतगंज रामतीर्थ, हिंद नगर, केसरी खेड़ा, गोमतीनगर, कन्हैया माधवपुर द्वितीय, न्यू हैदरगंज द्वितीय, महाकवि जयशंकर प्रसाद, चिनहट प्रथम, इस्माईलगंज प्रथम, रानी लक्ष्मीबाई, विद्यावती द्वितीय, मोती लाल नेहरू चंद्र भानु गुप्त नगर, काल्विन कॉलेज निशातगंज, तिलक नगर कुंडरी रकाबगंज वार्ड, अयोध्यादास द्वितीय, चित्रगुप्त नगर, चिनहट द्वितीय, लाला लाजपत राय, बाबू जगजीवन राम, जे.सी. बोस, पेपरमिल कालोनी, शंकरपुरवा तृतीय, राजीव गांधी प्रथम, मैथिलीशरण गुप्त, लेबर कालोनी, मल्लाहीटोला द्वितीय, त्रिवेणीनगर, कदम रसूल, मल्लाहीटोला प्रथम, लोहिया नगर, गोलागंज, बशीरतगंज गनेशगंज, शीतलादेवी, राजेंद्र नगर, लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय, यदुनाथ सान्याल नजरबाग, राजीव गांधी द्वितीय, मौ. कल्बे आबिद, यहियागंज नेताजी सुभाष चंद्र बोस, कश्मीरी मोहल्ला, चौक बाजार कालीजी, राजा बाजार, अलीगंज, अयोध्यादास प्रथम। महिला – राजा बिजली पासी प्रथम, खरिका द्वितीय, जानकीपुरम प्रथम, आलमनगर, इंदिरा प्रियदर्शनी, रामजी लाल सरदार पटेल नगर, शंकरपुर द्वितीय, इस्माइलगंज द्वितीय, फैजुल्लागंज द्वितीय, गुरु गोविंद सिंह, फैजुल्लागंज प्रथम, गीतापल्ली, विद्यावती तृतीय, रफी अहमद किदवई, विद्यावती प्रथम, फैजुल्लागंज तृतीय, राजाजी पुरम, इंदिरानगर, न्यू हैदरगंज प्रथम, विवेकानंदपुरी, शंकरपुरवा प्रथम, हुसैनाबाद, दौलतगंज, गढ़ी पीर खां, भवानीगंज। पिछड़ा वर्ग – शारदा नगर द्वितीय, इब्राहिमपुर द्वितीय, इब्राहिमपुर प्रथम, न्यू हैदरगंज तृतीय, सआदतगंज, डालीगंज निरालानगर, कन्हैया माधवपुर प्रथम, महानगर, बाबू बनारसी दास, मनकामेश्वर मंदिर, भारतेंदु हरिश्चंद्र, मौलवीगंज, आचार्य नरेंद्रदेव, मशकगंज–वजीरगंज। अनुसूचित जाति महिला – श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई, मा. लालजी टंडन, अंबेडकर नगर, मा. कल्याण सिंह, शहीद भगत सिंह द्वतीय। पिछड़ा वर्ग महिला – राजा बिजली पासी द्वितीय, सरोजनी नगर प्रथम, शहीद भगत सिंह प्रथम, बालागंज प्रथम, कुंवर ज्योति प्रसाद, जानकीपुरम द्वितीय, अंबरगंज। अनुसूचित जाति – खरगापुर सरसवां, भरवारा मल्हौर, फैजुल्लागंज चतुर्थ, विक्रमादित्य महात्मा गांधी, सरोजनी नगर द्वितीय, शारदा नगर प्रथम, जानकीपुरम तृतीय, गुरुनानकनगर, बाबू कुंज बिहारी ओम नगर।

## छह दरोगाओं को तत्काल कार्यमुक्त करने के आदेश : चुनाव आयोग ने भेजा पत्र : मांगा स्पष्टीकरण

लखनऊ ब्यूरो : लोकसभा उप चुनाव से ठीक चार दिन पहले चुनाव आयोग ने छह दरोगाओं को तत्काल कार्यमुक्त करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने पत्र भेजकर एसपी को स्पष्टीकरण देने को कहा है। यह कार्रवाई सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव द्वारा चुनाव आयोग में की गई शिकायत पर मानी जा रही है। सपा महासचिव डॉ. रामगोपाल यादव ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार से मुलाकात कर मैनपुरी उप चुनाव में मैनपुरी और इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पर पक्षपात करने, आचार संहिता के दौरान अफसरों की तैनाती में करने के आरोप लगाए। डॉ. रामगोपाल की शिकायत के बाद सीईसी राजीव कुमार, आयुक्त अनूप चंद पांडेय और अरुण गोयल की बैठक में दोनों वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को नोटिस देकर जवाब तलब करने का निर्णय लिया गया। आयोग ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर तैनात किए गए उप निरीक्षक सुरेश चंद्र, कादिर शाह, सुधीर कुमार, सुनील कुमार, सत्यभान और राज कुमार गोस्वामी को पुलिस थानों से तत्काल कार्यमुक्त करने के निर्देश दिए। इनके द्वारा दिए गए प्रमाणों पर संज्ञान लेकर चुनाव आयोग के संयुक्त निदेशक अनुज चांडक ने एसपी को पत्र भेजा है। पत्र में कहा है कि जिले में तैनात उप निरीक्षक सुरेश चंद्र, कादिर शाह, सुधीर कुमार, सुनील कुमार, सत्यभान और राजकुमार गोस्वामी को तत्काल उनके पद से कार्यमुक्त किया जाए। पत्र में कहा है कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जाए। आयोग के मौजूदा निर्देशों का पालन न करने के संबंध में कार्रवाई की जाए। संयुक्त निदेशक ने चिन्हित पुलिसकर्मियों को कार्यमुक्त करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही एसपी से स्पष्टीकरण भी मांगा है। प्रोफेसर रामगोपाल यादव की शिकायत पर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय और अरुण गोयल की बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है। वहीं एसपी कमलेश दीक्षित ने बताया कि इस संबंध में चुनाव आयोग का अभी




पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। आयोग से जो भी निर्देश प्राप्त होंगे, उसके तहत कार्रवाई की जाएगी। आयोग की सीईओ को नसीहत मैनपुरी उपचुनाव के आचार संहिता उल्लंघन को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला को भी नसीहत दी है। शुक्ला को उपचुनाव में सामान्य और पुलिस पर्यवेक्षक की पर्यवेक्षक में पुलिस बल की रेंडमाइजेशन से तैनाती करने के निर्देश दिए है। मालूम हो कि सपा के प्रतिनिधिमंडल की ओर से उपचुनाव के दौरान समय–समय पर अजय शुक्ला को ज्ञापन देकर चुनाव में पक्षपात और आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत की गई थी। लेकिन शुक्ला के स्तर से मामले में कार्रवाई नहीं होने पर सपा महासचिव ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में आयोग में अपनी शिकायत दर्ज कराई। मैनपुरी में गलत ढंग से मतदाताओं के नाम काटने का आरोप समाजवादी पार्टी ने मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में मतदाता सूची में कई तरह की गड़बड़ियों का आरोप लगाया है। इस संबंध में पार्टी ने मुख्य चुनाव अधिकारी को बृहस्पतिवार को ज्ञापन सौंपा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के नेतृत्व में सपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाया कि मतदाता सूची में गलत ढंग से नाम काटे गए हैं। इसके जरिए मतदान से समाजवादी समर्थकों को वंचित करने का प्रयास है। मैनपुरी, भोगांव, किशनी, करहल एवं जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में सपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों को घर से गिरफ्तार किया जा रहा है। थाने में बर्बरतापूर्वक पिटाई की जा रही है और मतदान से दूर रहने की चेतावनी भी दी जा रही है। यह चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश है। उन्होंने मांग की कि मैनपुरी में निर्वाचन आयोग की उच्चस्तरीय अधिकारियों की टीम की निगरानी में चुनाव कराया जाए। साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## औषधि विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान : सूचना मिलते ही शटर गिराकर फरार हुए मेडिकल संचालक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : औषधि विभाग के ड्रग इंस्पेक्टर चंद्रेश कुमार द्विवेदी ने जिले के बरसठी क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान मेडिकल स्टोर संचालकों को प्रतिबंधित दवाओं कि अवैध बिक्री को रोकने कि पूरी जानकारी दीं। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि यह जांच शेड्यूल एच 1 के अंतर्गत आने वाली औषधियों के क्रय विक्रय अभिलेख व रजिस्टर चेक किया गया।और मेडिकल स्टोर संचालको को यह निर्देशित किया गया कि सीसीटीवी कैमरा, कैश बुक रजिस्टर आदि जरुरी कागजात अपने पास रखें और बिना बिल के कोई भी मेडिसिन न खरीदे। गुरुवार को औषधि विभाग की टीम ने क्षेत्र के मियां चक बाजार, बरसठी, भन्नौर, परियत, रसूलहा आलमगंज, कटवार में छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी की सूचना लीक होते ही फर्जी मेडिकल स्टोर संचालक व झोलाछाप चिकित्सक अपने शटर गिराकर फरार हो गए। जौनपुर के ड्रग इंस्पेक्टर चंद्रेश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। टीम ने मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देशित किया कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित दवाओं कि अवैध बिक्री नहीं होनी चाहिए। मामले की जानकारी देते हुए ड्रग इंस्पेक्टर चंद्रेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि सभी मेडिकल संचालक अपना लाइसेंस बनवा ले और मेडिकल संचालक फार्मासिस्ट होना अतिआवश्यक है। बरसठी में छापेमारी के दौरान ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि यह छापेमारी जिलाधिकारी के निर्देश पर किया जा रहा है जिससे कि नशीली दवाओं कि अवैध बिक्री को रोका जा सके। ड्रग इंस्पेक्टर चंद्रेश कुमार द्विवेदी के साथ सुहेल अख्तर फारुकी उपस्थित रहे।

## अधूरी सड़क बनाकर गायब हो गए ठेकेदार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के बटाऊवीर से सिंगरामऊ तक की सड़क ठेकेदार द्वारा आधी– अधूरी सड़क बनाकर बीच में ही छोड़ दिया गया है, यह भी कहा जा सकता है कि शायद ठेकेदार सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण कराना ही भूल गए है तभी तो महीने भर से सड़क अधूरी पड़ी हुई है। जिसको लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी जहमत तक नहीं उठा पा रहे है। इससे तो साफ तौर पर कहा जा सकता है कि जिम्मेदार जानबूझकर अनजान बने हुए है और जिसका खामियाजा सड़क पर चलने वाले राहगीरों को उठाना पड़ रहा है।वहीं स्थानीय लोगो ने अधूरी सड़क को जनहित में जल्द पूर्ण कराए जाने की मांग उच्च अधिकारियों से की है। गौरतलब है कि बटाऊवीर से सिंगरामऊ तक लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार द्वारा बनाई जा रही सड़क को आधी अधूरी बनाकर बीच में ही छोड़ दिया गया है। करीब 2 किलोमीटर की सड़क बनाना बाकी है कि ठेकेदार अपना बोरिया बिस्तर लेकर गायब हो गए। जिसके चलते राहगीरों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अक्सर सड़क पर गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं। सड़क पर उड़ती धूल ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है इसके बाद भी किसी का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है ठेकेदार द्वारा बनाई जा रही सड़क को आधी अधूरी बनाकर बीच में ही छोड़ दिया गया है। मार्ग पर गिट्टी डाल दी गई है जिस पर अक्सर राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं जिसको लेकर ठेकेदार व लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी गंभीर नहीं है। स्थानीय निवासी केशव दुबे ने बताया कि 6माह पहले ठेकेदार द्वारा उक्त सड़क मार्ग पर गिट्टी डाल दी गई है जिसके बाद अभी तक अधूरी सड़क की सुधि लेना मुनासिब नहीं समझा गया है। जिसका खामियाजा चलने वाले राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है हालात यह है कि आए दिन लोग चोटहिल हो रहे है गिट्टी सड़क पर होने से वाहन को छोड़ दिजिये पैदल भी चलना दुश्वार हो गया है। वहीं लोक निर्माण के अधिकारी इस ओर पूरी तरह लापरवाह बने हुए है उनके द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन ठीक से नहीं किया जा रहा है। इस सम्बंध में लोक निर्माण विभाग के जेई नीरज का कहना है कि जल्द ही अधूरे सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण करा दिया जाएगा यदि ठेकेदार द्वारा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही की जाती है तो उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## 3 दिन से बिजली बंद नाराज लोगो ने किया विरोध

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जंघई गोपालपुर विद्युत उपकेन्द्र पर कर्मचारियों के कार्य वहिष्कार के कारण 3 दिन से विजली आपूर्ति ठप्प है जिसके कारण 72 गाँव मे अंधेरा फैल गया है जिम्मेदार अधिकारी लोगो के फोन भी नही उठा रहे है। जिससे लोगो की परेशानी बढ गयी है। इसको लेकर जंघई फीडर पर लोगो ने विरोध प्रदर्शन किया। मछलीशहर विद्युत केन्द्र से जंघई व गोपालपुर विद्युत उपकेन्द्र को 33 हजार बोल्ट की लाइन की सप्लाई दी गयी है बुधवार दिन मे 11 बजे दिन मे 33 हजार की मेन लाईन मे खराबी के कारण आपुर्ति ठप्प हो गयी थी प्राइवेट लाइनमैनो ने आपुर्ति ठीक कर दिया लेकिन विजली कर्मियों के कार्य बहिष्कार हडताल के चलते लाइन सप्लाई चालू नही की जा सकी जिसके कारण बुधवार 11बजे के बाद शुक्रवार तक सप्लाई नहीं बहाल की जा सकी है जिसके कारण दोनो फिडर के असवा सेमरी बभनियांव गोपालापुर करौर चौकीकला मोलनापुर गोधना किशुनदासपुर चौकी खुर्द चितांव भटेवरा ऊचडिह कठार लासा अदारी रामपुर खुर्द माधौपुर इमि लिया गुरगुजी भिदूना जगदीशपुर बरावां सेमरहो बसढुआ सराय देवा देवापुर किशुनदासपुर अगहुआ सवैया चकिया चौधरीपुर अलापुर हवेली कमासिन कसेरवा बसेरवा अमाई भटहर रामपुर चौथार रामडिह शेष जैनपुर मीरपुर गोपपुर करियांव लालीपुर सिरौली गोपालपुर करीयांव सहित मीरगंज जैसी प्रमुख बाजार जरौना और जंघई रेलवे स्टेशन पर अंधेरा फैल गया लोगो के मोबाइल बंद हो गये इनवर्टर चार्ज नहीं हो पा रहे है। छोटै छोटे घरेलू कारखाने बंद हो गये लोग दिन भर बिजली के लिए परेशान रहे है पर कोई जिम्मेदार अधिकारी फौन उठाने की जहमत नही उठा रहा जिससे नाराज लोगों ने जंघई फीडर पर विरोध किया। विरोध करने वालो मे शैलेस मिश्रा सूरज गुप्ता राम मनोरथ गुप्ता कृष्ण कुमार गुप्ता रवि कुमार गुप्ता राहुल चौरसिया लाला चौरसिया हिन्च लाल बिक्री गुप्ता विनोद गुप्ता छैला गुप्ता आदित्य चौरसिया विश्वजीत प्रजापति लालता यादव शामिल रहे। जेई जंघई से इस सम्बन्ध मे बातचीत का प्रयास किया गया लेकिन उसका मोबाइल नही उठ रहा है वही कुछ प्राइवेट लाइनमैनो ने बताया की फाल्ट ठीक कर दिया गया है लेकिन बिजली कर्मियों के कार्य वहिष्कार पर जाने के के कारण सप्लाई बाधित है। एसएचओ जंघ राजेश मौर्या का कहना है की बिजली ब्रेक डाऊन के कारण सप्लाई बाधित है अन्य कर्मचारी हडताल पर है इसके कारण सप्लाई बाधित है।

## पत्नी से भयभीत पति मांग रहा सुरक्षा : मुख्यमंत्री जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर लगा रहा गुहार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पंवारा थाना क्षेत्र के खरुआंवा गांव निवासी रवि गुप्ता पुत्र घनश्याम गुप्ता ने मुख्यमंत्री,जिलाधिकारी व पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों को रजिस्टर्ड पत्र भेजकर पत्नी से अपनी जानमाल की सुरक्षा करने की गुहार लगाई है। आरोप है कि पत्नी लक्ष्मी गुप्ता अपने मायके सुवंसा में रह रही है।प्रतापगढ़ सुवंसा निवासी अपने भाई के साथ 25 नवम्बर को आकर घर का ताला तोड़कर सारा सामान व मां के जेवरात उठा ले गई।पति का कहना है कि घर पर आकर जान से मरवाने की धमकी देती रहती है।जहर खाकर हमें व हमारे परिवार को फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी दे रही है।16 जुलाई को सिन्दूर खासकर आत्म हत्या की कोशिश भी कर चुकी है।पत्नी के भय से रवि के माता पिता घर छोड़कर सूरत चले गये हैं।पति ने पत्नी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग करते हुये सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## लेखाकार की तहरीर पर प्रधान संघ के अध्यक्ष सहित चार पर एस सी एस टी का केस दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ब्लाक के लेखाकार दिनेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने राकेश तिवारी ग्रामप्रधान ग्रामपंचायत बहुर, प्रधान इनामीपुर, प्रधान लच्छीपटी तथा अन्य के खिलाफ गालीगलौज देने, सरकारी कार्य में बाधा डालने तथा अनुसूचित जाति जनजाति निवारण अधिनियम के अन्तर्गत केस दर्ज कर कार्यवाही में जुटी है! लेखाकार का आरोप है कि मंगलवार को अपरान्ह दो बजे दिन में राकेश तिवारी ग्रामप्रधान ग्रामपंचायत बहुर, प्रधान इनामीपुर, प्रधान लच्छीपटी तथा अन्य प्रधान ब्लाक पर उपस्थित हुए! जिसमें राकेश तिवारी ने कम्प्यूटर आपरेटर से मनरेगा कार्य बन्द करा कर बाहर निकाल दिया गया! लेखाकार का दिनेश कुमार का आरोप है कि उनके कमरे में घुस कर जातिसूचक शब्द




से अपमानित करते हुए कार्य बन्द करने के लिए कहा गया! कार्य बन्द न करने पर दाहिने तरफ का दरवाजा बन्द करके बरामदे का चौनल गिरा कर शिवकुमार सफाई कर्मी से ताला लेकर बन्द कर दिया गया! जिससे शासकीय कार्य में व्यवधान पैदा हो गया! लेखाकार ने अपनी तहरीर में यह भी उल्लेख किया है कि प्रधान के इस कृत्य से ब्लाक में जहाँ अफरातफरी मच गयी वहीं अन्य कर्मचारियों में भी भय व्याप्त है! प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि लेखाकार की तहरीर पर केस दर्ज कर ली गयी है! केस की विवेचना सीओ द्वारा की जाएगी!

## बैंक की तरफ से तिलकधारी महाविद्यालय कैंपस में किया गया वृक्षारोपण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय स्टेट बैंक टी.डी कॉलेज शाखा एवं क्षेत्रीय प्रधान कार्यालय भारतीय स्टेट बैंक की तरफ से महाविद्यालय कैंपस में वृक्षारोपण के लिए 52 औषधीय पौधे प्रदान किए गए। वृक्षारोपण का कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ)आलोक कुमार सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। वृक्षारोपण कार्यक्रम में एसबीआई टी.डी कॉलेज के प्रबंधक अंकित कुमार राय क्षेत्रीय प्रधान कार्यालय के मुख्य प्रबंधक श्री नितिन कुमार जी सम्मिलित हुए। वृक्षारोपण के पश्चात एनसीसी एवं छै के छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह ने कहा कि पौधे मानव जीवन को जीवंतता प्रदान करते हैं। और यह औषधि पौधे निश्चित रूप से महाविद्यालय प्रांगण के वातावरण को शुध्द बनाने अपना योगदान प्रदान करेंगे। क्षेत्रीय प्रधान कार्यालय के मुख्य प्रबंधक श्री नितिन कुमार ने कहा कि हमारे क्षेत्रीय प्रधान कार्यालय की तरफ से जिले के बड़े महाविद्यालयों को औषधि पौधे प्रदान किए जा रहे हैं। और इनकी देख रेख भी बैंक के द्वारा ही किया जायेगा। स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण में औषधि पौधों का बहुत बड़ा योगदान होता है। महाविद्यालय के मुख्य अनुशास्ता डॉ.राजीव रतन सिंह ने कहा की पौधे शुद्ध वातावरण के मूल होते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरिओम त्रिपाठी ने कहा की इन्ही औषधि पौधों से भारत की आयुर्वेद चिकित्सा की शुरुआत हुई है। औषधि पौधे आयुर्वेद परंपरा के मेरुदंड होते हैं। कार्यक्रम मे एनसीसी के लेफ्टिनेंट जितेश कुमार सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र उपस्थित रहे।




## ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य पूरा न होने पर किया प्रदर्शन

ओवर लोड गिट्टी लदा ट्रक पलटा, चालक खलासी सहित तीन घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धर्मापुर– जफराबाद मार्ग पर अखड़ो पुल के पास हुए एक हादसे में गिट्टी लदा ओवर लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना के फलस्वरूप ट्रक में बैठे चालक खलासी सहित तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोरसंड़ गौराबादशाहपुर में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धर्मापुर– जफराबाद मार्ग पर शुक्रवार को सुबह लगभग नौ बजे गिट्टी लदा हुआ ट्रक धर्मापुर की तरफ जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक काफी ओवर लोड थी। जिसकी वजह से अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में ट्रक चालक नीरज कुमार 26 निवासी जसरा इलाहाबाद, खलासी जितेंद्र सिंह 34 निवासी जसरा थाना इलाहाबाद व जालिम सिंह 50 निवासी फतेहगंज जौनपुर घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस से तीनों घायलों को सीएचसी भिजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चालक नीरज के सिर व पैर में तथा साथ में बैठे जालिम सिंह को सर में गंभीर चोट आई है। ट्रक पलटने के वजह से मार्ग पर गिट्टी फैल गई जिसकी वजह से आवागमन काफी देर तक बाधित रहा। थाना प्रभारी गौराबादशाहपुर विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि तीनों घायलों को समय से अस्पताल भिजवा दिया गया है। ट्रक मालिक भी घटना स्थल पर आ गया है। ट्रक को क्रेन से टोचन कर के हटाया जा रहा है।

## कूटरचित दस्तावेज तैयार कर भूमि क्रय विक्रय के मामले में मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कूटरचित दस्तावेज तैयार कर कस्बे की बेसकीमती जमीन का क्रय,विक्रय करने के आरोप में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में हल्का लेखपाल ,प्लाटर सहित 13 लोंगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।कोतवाली पुलिस मामला दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल कर रही है। कजियाना मोहल्ला निवासी महमूद अहमद ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि प्रार्थी के कब्जा शुदा मकान व जमीन की छद्म व फर्जी प्रलेख तैयार कराके मुआहिदा नामा कर बेशकीमती जमीन साजिशन हड़पने की कोशिश की गई है। न्यायालय ने 156(3)दं.प्र.संहिता में पारित आदेश में कस्बे के कजियाना मोहल्ला निवासी गुफरान,सलमान,शशि कुमार भारती,पुराफगुई मोहल्ला निवासी अमित कुमार सिंह,जय प्रकाश यादव,बरबसपुर मोहल्ला निवासी नीरज कुमार मौर्य,रामपुर आदलगंज निवासी ज्ञानचंद्र मौर्य,सतीश मौर्य,प्रयागराज करेली निवासी इरफान,रहमान,मोहिसिन,मीना व कस्बा लेखपाल दीपक सिंह के विरुद्ध धारा 419/420/467/468/471 व 120बी दं.प्र.सं.के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। कजियाना मोहल्ला निवासी महमूद अहमद की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।मामले में प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक का कहना है कि उक्त की तहरीर पर न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### शार्ट सर्किट से लगी आग : सब कुछ जलकर राख

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के नई बाजार मोहल्ले में स्थित चिंता हरण आश्रम में गुरुवार की देर रात विद्युत शार्ट सर्किट से लगी आग में आश्रम मे रखे गए लाखों रुपए के सामान जल कर राख हो गए। मुंगराबादशाहपुर नगर के नई बाजार मोहल्ले में समाजसेवी पशुपति नाथ गुप्त मुन्ना का चिंता हरण आश्रम है। गुरुवार की देर शाम वह आश्रम से अपने गुड़हाई मोहल्ले स्थित माकान में आ गए। आश्रम में अम्बेडकर नगर मोहल्ला निवासी मटरू हरिजन सोया हुआ था।देर रात विद्युत शार्ट सर्किट से छप्पर में आग लग गई। जिसकी गर्मी लगने पर उसकी नींद खुल गई तो देखा वह आग से घिर गया था। मटरू हरिजन सटर खोल कर बाहर आकर शोर मचाते हुए पशुपति नाथ गुप्त के आवास पर जाकर घटना की सूचना दी। जिसके बाद पहुंचे आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना देकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड वाहन रास्ते के अभाव में सड़क पर ही खड़ा रह गया। आसपास के लोग जब तक आग पर काबू पाते तब तक सारा सामान जल कर राख हो गया था। इस सम्बन्ध में पशुपति नाथ गुप्त मुन्ना ने बताया कि आग लगने से आश्रम में रखी अलमारी, फ्रिज,कूलर, टीवी इन्वर्टर बैट्रा छः अदद तख्ता छः डनलप गद्दा मैट सहित लाखों के सामान जल कर राख हो गए। आलमारी में रखे गए आवश्यक कागजात भी जल गए।

## ईओ कचगांव के निर्देशन में कचगांव नगर पंचायत में युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है साफ सफाई अभियान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मच्छर जनित व गंभीर रोगों से बचाव हेतु नगर पंचायत कचगांव द्वारा हर रोज नियमित रूप से दोनो पालियों में साफ सफाई व आवश्यक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। जिससे नगर पंचायत के प्रत्येक वार्डो में रहने वाले लोगो को काफी राहत मिल रही है। नगर पंचायत कचगांव के ईओ कुंवर गौरव सिंह के निर्देशन में नगर पंचायत के बारहों वार्ड में हर रोज युद्ध स्तर पर सुबह और शाम की पालियों में नगर के गली मोहल्ले में साफ सफाई व फॉगिंग करवाया जा रहा है। इस साफ सफाई व फॉगिंग की निगरानी खुद ईओ द्वारा की जा रही है। ईओ कुंवर गौरव सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा के मुताबिक नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा नगर पंचायत के बारहों वार्डो में हर रोज रोस्टर के हिसाब से साफ सफाई व फॉगिंग की जा रही है। इस साफ–सफाई को मेरे द्वारा निरीक्षण भी किया जा रहा है। नगर साफ सुथरा रहेगा तो यहां किसी भी प्रकार की कोई बीमारी नही पनप सकेगी। इसी साफ सफाई अभियान के तहत शुक्रवार को भी नगर पंचायत के प्रत्येक वार्डो में साफ सफाई की गई। इस दौरान कार्यालय के कर्मचारी किशन सिंह, कामेश्वर सिंह, उपेंद्र सिंह, दीवाकर उपाध्याय, नितेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## थाना बक्सा पुलिस ने वांछित अभियुक्त टिमर उर्फ टिमल को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक 01.11.2022 को श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर कुशल निर्देशन मे श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर जौनपुर के निकट पर्वेक्षण में चलाये जा रहे वारण्टी/वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष के निर्देशन पर उ0नि0 अवधेश नारायण सिंह मय हमराह कर्म0गण के देखभाल क्षेत्र तलाश वाँछित अपराधी में मामूर था कि ज्ञात हुआ कि अभियुक्त टिमर उर्फ टिमल पुत्र रामदुलारे निवासी टेकुआटारडीह थाना रामकोला जनपद कुशीनगर सम्बन्धित मु0अ0सं0 140/22 धारा 363 भादवि ग्राम अलीगंज बाजार पर कही जाने के फिराक में दोनो लड़का व लड़की मिले। इस सूचना पर मौके पर उ0नि0 अवधेश नारायण सिंह व उ0नि0 महेश कुमार सिंह मय हमराह कर्म0गण के मौके पर पहुँच कर अभियुक्त टिमर उर्फ टिमल पुत्र रामदुलारे निवासी टेकुआटारडीह थाना रामकोला जनपद कुशीनगर को हिरासत पुलिस में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– टिमर उर्फ टिमल पुत्र रामदुलारे



निवासी टेकुआटारडीह थाना रामकोला जनपद कुशीनगर । आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0 140/22 धारा 363 भादवि थाना बक्शा जनपद जौनपुर । पुलिस टीम– 1–थानाध्यक्ष श्री त्रिवेणी सिंह थाना बक्शा जनपद जौनपुर। 2–उ0नि0 अवधेश नारायण सिंह थाना बक्शा जनपद जौनपुर । 3–उ0नि0 महेश कुमार सिंह थाना बक्शा जनपद जौपुर । 4–का0 निशान्त कुमार राय थाना बक्शा जनपद जौनपुर । 5–म0का0 प्रतिमा दुबे थाना बक्शा जनपद जौनपुर।

## फ्लैट में शव मिलने का मामला : महिला की मौत के पहले खाते से निकाले गए थे डेढ़ लाख रुपये

प्रयागराज ब्यूरो : रामबाग में डॉक्टर दीपकेंदु मित्रा के फ्लैट में महिला की हत्या के मामले में एक अहम जानकारी सामने आई है। महिला और डॉक्टर का ज्वाइंट एकाउंट था। महिला की हत्या से कुछ दिन पहले इस एकाउंट से डेढ़ लाख रुपये निकाले गए थे। पुलिस को शक है कि इस रकम का प्रयोग सुपारी किलिंग के लिए भी हो सकता है। महिला की हत्या के मामले में पुलिस डॉक्टर मित्रा से लगातार पूछताछ कर रही है, लेकिन उन्होंने हर सवाल का जवाब न में दिया है। अधिकारियों का कहना है कि डॉक्टर द्वारा जांच में सहयोग न किए जाने पर पुलिस लगातार साक्ष्यों को इकट्ठा कर रही है। पुलिस को यह भी शक था कि महिला की हत्या सुपारी किलर द्वारा की गई है। एक दिन पहले ही पुलिस ने महिला के खाते की जांच की तो पता चला कि उसमें डॉक्टर का ही नंबर लिंक है। बृहस्पतिवार को पता चला कि खाते में महिला और डॉक्टर ज्वाइंट एकाउंट होल्डर थे। ट्रांजैक्शन की जांच की गई तो महिला की मौत से कुछ दिन पहले एकाउंट से डेढ़ लाख रुपये निकाले गए थे। इस बारे में पूछने पर भी डॉक्टर कुछ नहीं बता रहे हैं कि उन्होंने यह रकम किसको दी। पुलिस को शक है कि इस




रकम का इस्तेमाल सुपारी किलिंग के लिए भी हो सकता है। डॉक्टर के कॉल डीटेल्स रिकार्ड से पुलिस ने शक के आधार पर कुछ लोगों की सूची बनाई थी, जिनसे पूछताछ की जानी है। फिलहाल पुलिस इस मामले में फूंक फूंककर कदम रख रही है। डॉक्टर के खिलाफ पुख्ता सुबूत खोजे जा रहे हैं जो अब तक नहीं मिले हैं। सूत्रों का कहना है नए कमिश्नर के आने के बाद ही डॉक्टर के खिलाफ पुलिस कोई कार्रवाई करेगी। इस मामले के विवेचक सीओ सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि खाते से डेढ़ लाख के ट्रांजैक्शन की जानकारी मिली है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि किसे और किस कारण से यह रकम दी गई।

## इविवि के भूगोल विभाग में 18 साल बाद होगी शिक्षक भर्ती : इंटरव्यू के लिए तिथि घोषित

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) के भूगोल विभाग में 18 वर्षों से शिक्षक भर्ती नहीं हुई है। अब 18 साल बाद विभाग में शिक्षकों के 17 पदों पर भर्ती होने जा रही है। इसके लिए सात दिसंबर से साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। वहीं, पर्यावरण अध्ययन केंद्र में शिक्षकों के पांच पदों पर भर्ती के लिए 10 दिसंबर को इंटरव्यू होगा। इससे पूर्व भूगोल विभाग में वर्ष 2004 में लेक्चरर के एक पद पर भर्ती हुई थी। इस बार 17 पदों पर भर्ती होने जा रही है, जिनमें असिस्टेंट प्रोफेसर के 12, एसोसिएट प्रोफेसर के चार और प्रोफेसर का एक पद शामिल है। एसोसिएट प्रोफेसर पद के लिए पीडब्ल्यूडी 'डी' एवं 'ई' श्रेणी के तहत आठ अभ्यर्थियों और एसटी वर्ग के आठ अभ्यर्थियों का इंटरव्यू सात दिसंबर को होगा। उसी दिन एसोसिएट प्रोफेसर पद के लिए अनारक्षित वर्ग के 16 अभ्यर्थी इंटरव्यू देंगे। आठ दिसंबर को असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए एससी वर्ग के लिए 16 एवं ओबीसी वर्ग के 24 अभ्यर्थियों और नौ दिसंबर को असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए ईडब्ल्यूएस के 19 एवं अनारक्षित वर्ग के 32 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू में बुलाया गया है। इसके अलावा पर्यावरण अध्ययन केंद्र में असिस्टेंट एवं एसोसिएट प्रोफेसर के दो–दो और प्रोफेसर के एक पद पर भर्ती होनी है। दस दिसंबर को प्रोफेसर पद के लिए अनारक्षित वर्ग के तीन अभ्यर्थियों, एसोसिएट प्रोफेसर पद के लिए अनारक्षित वर्ग के आठ अभ्यर्थियों और असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए अनारक्षित वर्ग के 12 एवं एससी वर्ग के नौ अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया है। सभी अभ्यर्थियों के इंटरव्यू इविवि के गेस्ट हाउस में आयोजित किए जाएंगे।

## नए पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने ग्रहण किया कार्यभार : शुरू किया कामकाज

प्रयागराज ब्यूरो : प्रयागराज के नए पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने शुक्रवार को सुबह कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने विधिवत अपना कामकाज शुरू कर दिया और मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिले के नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा का कहना है कि उनके कार्यकाल में हर शख्स को इंसाफ मिले। यही उनकी प्राथमिकता होगी। वह प्रयागराज में पहले भी रह चुके हैं। इस कार्यकाल में उस अनुभव का लाभ मिलेगा। रमित शर्मा बृहस्पतिवार को देर रात प्रयागराज पहुंचे। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने बताया कि जिले को एक बेहतर पुलिस तंत्र की जरूरत है। इस पर अधिकारियों से मिलकर काम किया जाएगा। अभी तक वह बरेली में बतौर आईजी तैनात थे। 1999 बैच के आईपीएस रमित शर्मा कई जिलों में पुलिस कप्तान के रूप में काम कर चुके हैं। प्रयागराज में वे बतौर आईजी तैनात रहे हैं। मेरठ में तैनाती के दौरान ड्रोन के इस्तेमाल पर उन्होंने प्रदेश भर में काफी प्रशंसा बटोरी थी। आईआईटी कानपुर से इंजीनियरिंग के बाद उन्होंने भारतीय पुलिस सेवा ज्वाइन किया।

# राम मंदिर के गर्भगृह में लगा ब्लोअर : रामलला पहन रहे ऊनी कपड़े

अयोध्या ब्यूरो : बढ़ती ठंड और मौसम के मिजाज के साथ–साथ जन–जन के आराध्य रामलला की सेवा में भी बदलाव हुआ है। रामलला को जाड़े से बचाने के लिए गर्भगृह में ब्लोअर लगा दिया गया है, ऊनी वस्त्र पहनाए जा रहे हैं और हर रोज अब गरम पानी से स्नान कराया जा रहा है। श्रीरामलला के प्रधान अर्चक सत्येंद्र दास शास्त्री बताते हैं कि भगवान श्रीरामलला को ठंड से बचाने के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। भगवान श्रीराम बाल रूप में रामजन्मभूमि में विराजमान हैं और जिस तरह एक मां अपने बच्चे को हर मौसम से बचाने के लिए पूरी तैयारी करती है। उसी तरह बालस्वरूप भगवान श्रीरामलला को मौसम के अनुकूल सुरक्षित कर लिया जाता है। आचार्य ने बताया कि सर्दी से बचाव के लिए रामलला की सेवा पद्धति में मौसम के अनुकूल बदलाव किया गया है। रामलला के भोग, श्रृंगार व आरती में भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रातःकाल स्नान, भोजन व जलपान के लिए भगवान को गर्म पानी की सुविधा दी जा रही है। फूलों की जगह देशी घी की बत्ती से आरती की जा रही है। भगवान को भोग में गर्म पदार्थ दिए



जा रहे हैं। चंदन में केसर मिलाकर तिलक किया जा रहा है। रामलला को बादाम, काजू, पिस्ता और किशमिश आदि का भोग निवेदित किया जा रहा है। खीर में केसर की मात्रा बढ़ा दी गई है। इसके अलावा उन्हें ऊनी, मखमली कपड़े पहनाए जा रहे हैं। हर साल रामनगरी के मठ–मंदिरों में भगवान को ठंड से बचाने के लिए तरह–तरह के जतन किए जा रहे हैं। देवविग्रहों की सेवा भी बदली है। प्रधान अर्चक बताते हैं कि रात में कंबल ओढ़ाकर रामलला को शयन कराया जा रहा है। ठंड का प्रकोप और बढ़ेगा तो रामलला को कंबल की जगह रजाई ओढ़ाई जाएगी। इसके अलावा उनके सिंहासन पर भी ऊनी वस्त्र लगाए जाएंगे।

# नीट 2022 की काउंसिलिंग में गड़बड़ी : 15 छात्रों ने गलत आरक्षण प्रमाण पत्र से लिया बीडीएस में दाखिला

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में नीट 2022 की काउंसिलिंग में गड़बड़ी मिली है। बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (बीडीएस) में 15 छात्रों ने गलत आरक्षण प्रमाण पत्र के जरिये दाखिला ले लिया है। जांच में मामला पकड़ में आने के बाद इन सभी का दाखिला रद्द कर दिया गया है। अब दूसरे राउंड में दाखिला लेने वाले छात्रों के भी प्रमाण पत्रों की जांच की जा रही है। आयुष कॉलेजों में सत्र 2021 में हुए दाखिले में हेराफेरी सामने आने के बाद काउंसिलिंग में फूंक–फूंक कर कदम रखा जा रहा है। चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय द्वारा नीट–2022 की काउंसिलिंग में पहले चरण में दाखिला लेने वाले छात्रों के सभी प्रमाण पत्रों की नए सिरे से जांच कराई गई। इस दौरान 15 छात्रों का प्रमाण पत्र दूसरे राज्य का मिला। इन सभी ने निजी कॉलेजों में दाखिला लिया था। छात्रों को नोटिस जारी किया गया। इन्हें प्रमाण पत्रों के सुधार के लिए 22 नवंबर को महानिदेशालय बुलाया गया। इनमें से सिर्फ तीन छात्र महानिदेशालय आए, लेकिन प्रमाण पत्र नहीं दे सके। वहीं बाकी छात्रों ने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर फोन करने पर भी कोई जवाब नहीं दिया। ऐसे में इनका दाखिला निरस्त कर दिया गया है। यहां–यहां हुआ दाखिला




निरस्त शारदा यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा के चार, आईटीएस डेंटल कॉलेज के दो ग्रेटर नोएडा और गोजियाबाद के दो, आईडीएसटी मोदी नगर का एक, एफएच मेडिकल कॉलेज आगरा के चार, केडी डेंटल कॉलेज मथुरा के दो छात्रों का दाखिला निरस्त हुआ है। काउंसिलिंग के बाद प्रमाण पत्रों की जांच की गई। छात्रों को सुधार का मौका भी दिया गया, लेकिन चार छात्रों को छोड़कर अन्य ने फोन भी नहीं उठाया। जो चार लोग आए थे, उनके भी प्रमाण पत्र के आधार पर दाखिला नहीं दिया जा सकता था। ऐसे में इन सभी 15 छात्रों के दाखिले रद्द कर दिए गए हैं। – श्रुति सिंह, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण

# एसएससी की परीक्षा देने जा रही युवती की सड़क दुर्घटना में मौत : भाई की हालत गंभीर

कुशीनगर ब्यूरो : कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के सौरहा खुर्द पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार की सुबह दुर्घटना में युवती की मौत हो गई। उनके भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। युवती अपने भाई के साथ बाइक से एसएससी (कर्मचारी चयन आयोग) की परीक्षा देने जा रही थीं। वाहन चालक पकड़कर लोगों ने पुलिस को सौंप दिया। आरोपी चालक को हिरासत में लेकर पुलिस कार्रवाई में जुटी है। छितौनी नगर निवासी प्रभुनाथ गुप्ता की बेटी सीमा गुप्ता (21), अपने भाई हेमंत गुप्ता के साथ शुक्रवार की सुबह बाइक से कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा देने गोरखपुर जा रहीं थी। नौरंगिया–कप्तानगंज मार्ग पर स्थित चरिघरवा पेट्रोल पंप के सामने कप्तानगंज की ओर से सब्जी लादकर आ रही मैजिक गाड़ी ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर बाइक पर बैठीं सीमा गुप्ता सड़क पर गिर गईं, जिससे उनका सिर फट गया। हेमंत गुप्ता भी गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायल को एबुलेंस से सीएचसी कोटवा पहुंचाया। उधर दुर्घटना के बाद जुटे लोगों ने खैरटिया चौराहे पर मैजिक गाड़ी को रोककर ड्राइवर को पकड़कर



पुलिस को सौंप दिया। दुर्घटना की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। छह माह पूर्व सीमा की शादी हुई थी। वह कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा देने अपने मायके आई थीं। परीक्षा देने जाते समय दुर्घटना की शिकार हो गईं। इस संबंध में नेबुआ नौरंगिया एसएचओ अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।

## 27 हजार बच्चों के खातों में जल्द पहुंचेगी यूनिफार्म की धनराशि : लगेगा विशेष कैंप

गोरखपुर ब्यूरो : आधार कार्ड के अभाव में यूनिफार्म की धनराशि का इंतजार कर रहे जिले के 27 हजार बच्चों को जल्द ही यह राशि मिलेगी। इन बच्चों के आधार कार्ड बनवाकर शिक्षा विभाग डीबीटी के माध्यम से इनके खातों में धनराशि प्रेषित कर देगा। जिसके बाद जिले के सभी तीन लाख 60 हजार बच्चों को योजना से आच्छादित कर दिया जाएगा। राज्य परियोजना निदेशक के निर्देश के अंतर्गत जिले की 197 न्याय पंचायतों में सप्ताह भीतर बच्चों के आधार बनाने के लिए शिविर लगेंगे। जिसमें परिषदीय स्कूलों के छूटे बच्चों के साथ–साथ बाहरी बच्चे भी आधार बनवा सकेंगे। इसके लिए राज्य परियोजना ने श्रीटान इंडिया से किया अनुबंध किया है। कंपनी की टीम सभी चिह्नित न्याय पंचायतों में सुबह से लेकर शाम तक बच्चों के आधार कार्ड बनाएगी। ताकि जल्द से जल्द उनके खाते में धनराशि प्रेषित की जा सके। समय से कार्य पूरा करने के लिए कंपनी को बेसिक शिक्षा विभाग



पहले ही संबंधित स्कूलों के शिक्षकों के नाम व मोबाइल नंबर समेत ब्योरा उपलब्ध करा चुका है। बीएसए रमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आधार बनने के साथ छूटे बच्चों के खाते में विभाग धनराशि प्रेषित कर दी जाएगी।

# नवगठित पुलिस कमिश्नरी में पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के तीन–तीन पद सृजित

लखनऊ ब्यूरो : नवगठित पुलिस कमिश्नरी आगरा, प्रयागराज और गाजियाबाद के लिए पुलिस आयुक्ति, अपर पुलिस आयुक्त और सहायक पुलिस आयुक्त के पदों का सृजन कर दिया गया। पुलिस उपायुक्त और अपर पुलिस उपायुक्त के पदों के सृजन वित्त विभाग की आपत्ति के बाद अधर में लटक गया है। शासन की ओर से बृहस्पतिवार को तीनों जिलों में नवगठित पुलिस कमिश्नरी के लिए तीन पुलिस आयुक्त, तीन अतिरिक्त पुलिस आयुक्त और 24 सहायक पुलिस आयुक्त के पदों के सृजन की अधिसूचना जारी कर दी गई। पुलिस आयुक्त का पद आईजी या उच्च रैंक के अधिकारी का होगा। वहीं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त का पद एसएसपी या डीआईजी रैंक का होगा। सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर पुलिस उपाधीक्षक तैनात किए जाएंगे। पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस उपायुक्त के पद सृजन के प्रस्ताव पर वित्त विभाग ने आपत्ति लगा दी है, जिसकेकारण उस पर निर्णय नहीं हो सका। नई पुलिस कमिश्नरी में आठ सहायक पुलिस आयुक्तों की हुई तैनाती नवगठित पुलिस कमिश्नरी में डीजीपी मुख्यालय ने आठ पुलिस उपाधीक्षकों की तैनाती कर दी। इसमें फिरोजाबाद में तैनात अभिषेक श्रीवास्तव, चित्रकूट में तैनात भाष्कर वर्मा और हमीरपुर में तैनात रवि प्रकाश सिंह को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरी में सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर भेजा



गया है। वहीं अलीगढ़ में तैनात श्वेताभ पांडेय, बहराइच में तैनात जंग बहादुर यादव और बाराबंकी में तैनात योगेंद्र कुमार को प्रयागराज और आनंद कुमार पांडेय को बांदा से व पीयूष कांत राय को सहायक पुलिस आयुक्त आगरा पुलिस कमिश्नरी के पद पर भेजा गया है। चार अन्य पीपीएस अधिकारियों के हुए तबादले चार अन्य पीपीएस अधिकारियों के तबादले भी कर दिए गए। इसमें प्रयागराज में यातायात में तैनात अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार दीक्षित को लखनऊ में डीजीपी मुख्यालय अटैच किया गया है। वहीं बाराबंकी में तैनात पूर्णेन्दु सिंह को पावर कार्पोरेशन और 38वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद में तैनात आशुतोष मिश्रा को बाराबंकी का नया अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा सुरक्षा मुख्यालय में तैनात इनाम वारिस को विशेष जांच प्रकोष्ठ स्थानांतरित किया गया है।

## लखनऊ में 3000 करोड़ की व्यावसायिक संपत्तियां होंगी सस्ती

लखनऊ ब्यूरो : एलडीए की 176वीं बोर्ड बैठक बृहस्पतिवार को मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में हुई, जिसमें 21 में से 20 प्रस्तावों को मंजूरी मिल गई। वहीं पहले से ऊंची इमारतें बनाने के प्रस्ताव पर बोर्ड ने एक समिति के जरिये अध्ययन कराने के निर्देश दिए। यह प्रस्ताव अगली बोर्ड बैठक में पेश होगा। वहीं एलडीए की अनुमानित 3000 करोड़ की आरक्षित 100 व्यावसायिक संपत्तियां सस्ती होंगी। बोर्ड बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। आशियाना की दुकानों की एक साल तक कीमत नहीं बढ़ेगी। इन दुकानों को पूर्व में तय कीमत में ही बेचा जाएगा। सचिव पवन कुमार गंगवार ने बताया कि एफएआर (फ्लोर एरिया रेशियो) दर निर्धारण की गणना 1.5 गुणांक से होने का प्रावधान है। साल 2011 में यह फॉर्मूला 0.8 गुणांक कर दिया था। शासन ने साल 2016 में जो बिल्डिंग बायलॉज जारी किया उसमें यह गुणांक 0.5 कर दिया गया है। इससे आरक्षित व्यावसायिक संपत्ति जो महंगी हो गई थी, उसके सस्ते होने का रास्ता साफ हो गया है। एलडीए ने आशियाना की 262 दुकानों की कीमत एक साल तक न बढ़ाने का प्रस्ताव पेश किया, जो बोर्ड से पास हो गया। बैठक में डीएम सूर्यपाल गंगवार, एलडीए वीसी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, सचिव पवन कुमार गंगवार आदि शामिल हुए। सीजी सिटी में सबसे महंगी व्यावसायिक संपत्तियां सबसे अधिक महंगी सीजी सिटी के सीबीडी की हैं। इसी कारण पिछली ऑनलाइन नीलामी में एक भी भूखंड नहीं बिका था। ये संपत्तियां गोमतीनगर, गोमतीनगर विस्तार, जानकीपुरम, जानकीपुरम विस्तार, प्रियदर्शिनी कॉलोनी, बसंतकुंज, शारदानगर, मानसरोवर एवं औद्योगिक क्षेत्र ऐशबाग में हैं। मेट्रो के निकट इमारतें बनाने पर मांगेंगे आपत्ति एलडीए ने उप्र ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) नीति–2022 के तहत मेट्रो के दोनों तरफ ऊंची इमारतें बनाने के लिए आपत्ति मांगने का प्रस्ताव पास हुआ है। टीओडी जोन की सीमाओं के वास्तविक/भौतिक परिस्थितियों




के अनुरूप परिसीमन/सीमांकन के अनुसार लखनऊ महायोजना–2031 (संशोधित कन्वर्जन प्रारूप) पर जनसामान्य से आपत्तियां मांगी जाएंगी। कॉल्विन स्कूल की जमीन लेंगे सचिव पवन कुमार गंगवार ने बताया कि ग्रीन कॉरिडोर की खातिर लागत जुटाने के लिए कॉल्विन तालुकेदार्स स्कूल की नजूल जमीन को एलडीए वापस लेगा। इस जमीन को बेचकर ग्रीन कॉरिडोर बनाएगा। इसका प्रस्ताव पास हो गया, जो शासन को स्वीकृत के लिए भेजा जाएगा। गोमतीनगर विस्तार योजना के तहत गोमती नदी के दायें तटबंध पर अमर शहीद पथ से ग्राम अरदौनामऊ की सरहद तक बंधा निर्माण होगा। साथ ही इकाना स्टेडियम के उत्तरी दिशा में 45 मीटर रोड के निर्माण की योजना के लिए कास्तकारों से आपसी सहमति के आधार पर भूमि क्रय करने का प्रस्ताव मंजूर हुआ। ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के संरक्षण में आने वाली रक्षा विभाग की भूमि लाइसेंस पर लेने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। वहीं सिंचाई एवं जल संस्थान अनुभाग द्वारा गोमती रिवर फ्रंट चौनलाइजेंशन परियोजना के औद्यानिक विकास एवं अनुरक्षण के लिए उपलब्ध राशि खर्च होने के बाद इसे पीपीपी मोड पर करने के संबंध में परीक्षण प्रस्ताव अनुमोदित हुआ। इन प्रस्तावों पर भी लगी मुहर – पीडब्ल्यूडी की टेंडर शर्तें एलडीए में लागू करने का प्रस्ताव। – पुराना शहर हुसैनाबाद समेकित विकास की परियोजना के तहत म्यूजियम एवं फू डकोर्ट ब्लॉक के निर्माण कार्य में हो रही वृद्धि को समेकित विकास कार्य की परियोजना के अन्य कार्यों में बचत राशि से कराने का प्रस्ताव। – विद्युत सुरक्षा निदेशालय की एनओसी का प्रस्ताव।

# दिल्ली जाने वाली बसों से चोर उड़ा रहे नकदी और जेवर : जांच में जुटी पुलिस

गोरखपुर ब्यूरो : नौसड़ से दिल्ली जाने वाली प्राइवेट बसों के यात्रियों के गहने व नकदी भी अब चोरों के निशाने पर आ गए हैं। 15 दिन के भीतर बसों से दो व्यापारियों के नकदी व जेवर चोरी हो चुके हैं। सहजनवां व गीडा पुलिस ने पीड़ितों के काफी दौड़ने के बाद केस तो दर्ज कर लिया, लेकिन कार्रवाई नहीं की। मामला एसपी नार्थ के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने पुलिस को जल्द जांच कर खुलासे का आदेश दिया है। जानकारी के मुताबिक, देवरिया में व्यापारी के कर्मचारी व इंद्रानगर निवासी पंकज कुमार त्रिपाठी आठ नवंबर को नौसड़ से बस में सवार हुए थे। उन्हें दिल्ली जाना था। सहजनवां पहुंचने से पहले बैग में रखे तीन लाख रुपये नकद व लाखों रुपये के जेवर चोरी हो गए। एक सप्ताह बाद पुलिस ने केस दर्ज किया। दूसरी घटना 15 नवंबर को हुई। शाहपुर निवासी वी मार्ट के संचालक ऋषिकेश यादव दिल्ली जाने के लिए नौसड़ से बस पर सवार हुए थे। दिल्ली पहुंचने से पहले बैग से पांच लाख रुपये चोरी हो गए। बस में सीसीटीवी कैमरा भी था, लेकिन बस चालक ने फुटेज नहीं दिखाया। गीडा थाना पुलिस ने केस दर्ज किया, लेकिन अभी



तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। रास्ते में ही बैग चोरी कर उतर जा रहे बदमाश आशंका है कि बदमाश नौसड़, सहजनवां से बसों में सवार हो रहे हैं और चोरी करके रास्ते में उतर जा रहे हैं। व्यापारी ऋषिकेश ने तहरीर में भी इसका जिक्र किया है। उनका कहना है कि सहजनवां के पास कुछ युवक बस में सवार हुए थे, जो संदिग्ध लग रहे थे। इस पर आपत्ति करने के बाद भी चालक ने ध्यान नहीं दिया और चोरी हो गई। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने कहा कि पुलिस को जल्द जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। अभियान चलाकर नौसड़ से सहजनवां के बीच प्राइवेट बसों की जांच भी करने को कहा गया है। जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# मैदान में झोंकी जान : तब आई चेहरे पर मुस्कान

लखनऊ ब्यूरो : देश सेवा के जज्बे से सराबोर बेटियां बृहस्पतिवार को एएमसी स्टेडियम के मैदान में जी–जान लगाती नजर आईं। दौड़ हो या हो फिर लॉन्ग जम्प या हाई जम्प, बेटियों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस भर्ती रैली के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश की 430 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। मैदान पर पूरी जान झोंकने वाली लड़कियों को जब प्रारंभिक शारीरिक परीक्षा में पास होने का प्रमाणपत्र मिला तो उनके चेहरों पर खुशी तैर गई। साथ ही आगे की तैयारी के लिए उनकी आंखों में जज्बा भी देखने को मिला। केंद्र सरकार ने सेना में चार साल के लिए अग्निवीरों की भर्ती शुरू की है। पहली बार महिला पुलिस सैन्य भर्ती का आयोजन भी इसी योजना के तहत मध्य कमान के छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में बुधवार से शुरू हुआ। दूसरे दिन उत्तर प्रदेश के लखनऊ, बाराबंकी, उन्नाव, कानपुर देहात, कानपुर नगर, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, गोंडा, औरैय, कन्नौज, सुल्तानपुर, रायबरेली, अम्बेडकरनगर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, महाराजगंज, बस्ती, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, अयोध्या, संतकबीरनगर, प्रयागराज व अमेठी की अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। अभ्यर्थी सुबह पांच बजे से पहले ही एएमसी गेट पर पहुंच गई थीं, जिसके बाद उनकी स्क्रीनिंग हुई और पंजीकरण के बाद दौड़ के लिए स्टेडियम में पहुंचीं। लड़कियों को आठ मिनट में 16 सौ मीटर की दौड़ पूरी करनी थी। लड़कियों के जोश के आगे ठंड बेअसर नजर आई। कुछ के जज्बे ने तो अफसरों को खासा प्रभावित किया। दौड़ के बाद हाईजम्प के लिए ले जाया गया, जहां उन्हें तीन फीट ऊंची बीम को पार करना था। ज्यादातर अभ्यर्थियों ने इस बाधा को पार कर लिया, पर जो नाकाम रहीं, उन्हें अफसरों ने तीन मौके दिए, जिससे अभ्यर्थियों केचेहरे खिल उठे। हाई जम्प के बाद लॉन्ग जम्प करवाई गई, जिसमें दस फीट लंबी बाधा पार करनी थी। जोश से लबरेज अभ्यर्थियों ने चुटकियों में इसे भी पार कर लिया। आज भी होगी भर्ती रैली मध्य कमान के जनसम्पर्क अधिकारी शांतनु प्रताप सिंह ने बताया कि लखनऊ के मध्य कमान स्थित एएमसी सेंटर एवं कॉलेज के मैदान में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी जिलों के लिए अग्निवीर (जीडी) महिला सैन्य पुलिस रैली के दूसरे दिन कुल 26 जिलों के कुल 1095 पंजीकरण थे, जिसमें 430 अभ्यर्थी रैली में शामिल होने के लिए पहुंची। शुक्रवार को भी भर्ती रैली होगी। युवाओं को दिखाना होगा और उत्साह एडीजी रिक्रूटमेंट मेजर जनरल मनोज तिवारी ने अग्निपथ योजना पर कहा कि देशसेवा का इससे बेहतर मौका नहीं मिल सकता। उन्होंने कहा कि पहले तीन दिन फिजिकल टेस्ट कराए जा रहे हैं। इसके बाद पास होने वाली अभ्यर्थियों के मेडिकल होंगे। ये सारे टेस्ट दस दिसम्बर तक चलेंगे। इसमें पास करने वालों का सेंट्रल कम्बाइंड एग्जाम फरवरी में होगा। सफल होने वालों को ट्रेनिंग के लिए बंगलूरू भेजा जाएगा। हाइट की अर्हता बढ़कर हुई 162 सेंमी. अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस भर्ती रैली में जो अभ्यर्थी आ रहे हैं, उनके लिए ऊंचाई की अर्हता 162 सेंटीमीटर कर दी गई है। जबकि इससे पूर्व हुई भर्ती रैलियों में यह सीमा 152 सेंटीमीटर की थी। अधिकारियों ने बताया कि ऊंचाई के मापदंडों में जो बदलाव हुआ है, वह पूरे देश में भर्ती के दौरान एक साथ लागू किया गया है। जबकि आयु की सीमा साढ़े 17 वर्ष से 23 साल की है। ताकत बचाओ, रस्सी के पास दौड़ो भर्ती रैली में मैदान पर बेटियों के हौसले को महिला पुलिसकर्मियों ने खूब बढ़ाया। वे लगातार लड़कियों को प्रोत्साहित करती रहीं कि पहले राउंड में ताकत बचाओ। रस्सी के पास दौड़ो, ताकि अधिक ऊर्जा न खर्च करनी पड़े। इस प्रोत्साहन ने अभ्यर्थियों के जोश को दोगुना कर दिया।

# बाइक नंबर से पुलिस ने लुटेरों को दबोचा : 28 नवंबर को हुई थी घटना

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के कैंट इलाके में मोबाइल फोन लूट के बाद पीड़ित ने बदमाशों की बाइक का नंबर नोट कर लिया। इसकी मदद से बृहस्पतिवार को पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर लूट के दो मोबाइल फोन व घटना में इस्तेमाल बाइक को बरामद कर लिया। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान कुशीनगर जिले के अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के भगवान खुर्द निवासी राजू पटेल के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण राय के मुताबिक, झंगहा इलाके के अमहिया निवासी राजेश्वर प्रसाद के साथ 28 नवंबर की रात में मोबाइल फोन लूट की घटना हुई थी। इंजीनियरिंग कॉलेज चौकी इलाके में बाइक सवार दो बदमाशों ने मोबाइल फोन लूट लिया था। 29 नवंबर को पुलिस ने केस दर्ज कर लिया और फिर आरोपियों की तलाश में जुटी थी। बृहस्पतिवार को पुलिस ने एक आरोपी राजू पटेल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी राजू ने बताया कि वह अपने गांव के ही साथी धनंजय पटेल उर्फ पहेटू के साथ मिलकर मोबाइल फोन की लूट करता है। लूट के मोबाइल फोन को बेचकर शौक पूरे करता है। पुलिस अब उसके साथी धनंजय की तलाश कर रही है।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।